उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 1266 (संवाद-14) दिनांक /Date: 25.10.19

सहायक लेखाकार के 93 पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन के संबंध में :–

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा सेवायोजन पंजीकरण के संदर्भ में राज्य सरकार द्वारा जारी नये नियमों तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो के लिए लागू किये गये आरक्षण को सम्मिलित करते हुये सहायक लेखाकार के 93 पदों के लिए इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आंमत्रित किये जा रहे है। ये सभी पद गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर के है। सहायक लेखाकार पद के लिए अर्हता राज्य सरकार द्वारा जारी नई सेवा नियमावली के अनुरूप मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य में स्नातक अथवा बी0बी0ए0(Bachelor in Business Administration) अथवा पोस्ट ग्रेजुएट इन एकाउन्टेंसी एवं हिन्दी टंकण में 4000 की–डिप्रेशन प्रति घंटा की गति निर्धारित की गयी है।

आयोग की ओर से यह पूर्व में स्पष्ट किया गया है कि अब किसी भी आवेदन पत्र को भरने के पूर्व अभ्यर्थियों को अपना ओ0टी0आर0 (वन टाइम रजिस्ट्रेशन) भरना अनिवार्य है इसके उपरांत ही अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र भर सकेगें। ओ0टी0आर0 भरे जाने के उपरांत अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र भरने में सुगमता होगी।

आवेदन पत्र भरने के लिए अब कॉमन सर्विस सेन्टर (सी0एस0सी0) को भी अधिकृत कर दिया गया है जो अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र व ओ0टी0आर0 भरने में सहयोग करेंगे। ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए न्याय पंचायत स्तर पर कॉमन सर्विस सेन्टर उपलब्ध है। उनके पास ऑनलाइन शुल्क जमा करने की व्यवस्था भी उपलब्ध है।

दिनांक 25.10.2019 से विज्ञापन आयोग वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर अपलोड/प्रसारित कर दिया गया है एवं दिनांक 31.10.2019 से ऑन लाइन आवेदन पत्र भरने की सुविधा आयोग की वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर उपलब्ध हो जायेगी तब तक अभ्यर्थी अपना ओ0टी0आर0 भर सकते है एवं ओ0टी0आर0 भरने में उन्हें यदि कोई कठिनाई आती है तो उसका भी आयोग द्वारा ससमय समाधान किया जायेगा। इसके लिए टॉल फ्री नं0–6399990138, 6399990139, 6399990140, 6399990141, तथा ईमेल आदि का विवरण आयोग की वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर अपलोड की गयी विज्ञापन विवरणिका में दिया गया है।

इस बार आयोग द्वारा अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए तथा भर्ती प्रकिया को समयबद्व आधार पर पूर्ण करने के लिए लिखित परीक्षा का संभावित समय भी विज्ञप्ति में प्रकाशित किया गया है। यदि कोई विधिक या प्रशासनिक कठिनाई न हुयी तो इन पदों पर लिखित परीक्षा जनवरी, 2020 में प्रस्तावित की गयी है।

(संतोष बडोनी)
सचिव।